Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite construction of approach road to Basual bridge in Sitamarhi district, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर)ः मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्रान्तर्गत सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखंड में निर्माणाधीन बसौल आर.सी.सी. पुल की ओर आकृऐट कराना चाहती हूँ। जनता के व्यापक मांग पर उक्त बसौल पुल का निर्माण कार्य वऐान्न 2011 में प्रारंभ हुआ जो वऐान्न 2014 में बनकर तैयार भी हो चुका है। परन्तु दुख के साथ सूचित करना चाहती हूँ कि भूमि अधिगृहण नहीं हाने के कारण इसके एप्रोच रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जिससे इस पुल से वाहनों का परिचालन बाधित है और लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। यह पुल बेलसंड-छतौनी मुख्य पथ पर बना है तथा सीतामढ़ी जिला के बेलसंड अनुमंडल एवं

.परियानी प्रखंड मुख्यालय सहित इससे जुड़े दर्जनों ग्रामों को आपस में जोड़ता है। वऐाान्न के दिनों में डायवर्सन क्षतिग्रस्त हो जाता है जिससे लोगों को काफी मुश्किलों को सामना करना पड़ता है। यह इलाका अत्यंत पिछड़ा एवं नक्सल प्रभावित है तथा इस पुल के निर्माण होने से बड़ी आबादी को विकास को लाभ मिल सकेगा।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त बसौल पुल के एप्रोच रोड के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराकर, इसका परिचालन शुरू कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये।